## पूनम को 9 स्वर्ण व 1 रजत पदक

**बीकानेर,** (कासं)। कृषि विभाग द्वारा 34 वीं राज्य स्तरीय कृषि विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता 8 से 11 जनवरी तक राजस्थान कृषि महाविद्यालय उदयपुर में आयोजित की गई।

कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक कैलाश चौधरी ने बताया कि राज्य स्तरीय कृषि विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बीकानेर से मैनेजर उपनिदेशक हरीश चन्द्र सोनी व सहायक मैनेजर श्याम सुन्दर अग्रवाल सांख्यिकी अधिकारी के नेतृत्व में कृषि विभागीय अधिकारियों व कार्मिकों नें हिस्सा लिया। कृषि अधिकारी मुकेश गहलोत ने बताया कि 34 वीं राज्य स्तरीय कृषि विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता एथलेटिक्स में बीकानेर महिला टीम का प्रभावी प्रदर्शन रहा। सोढवाली की कृषि पर्यवेक्षक पूनम बिजारणियां का एथलेटिक्स में दबदबा रहा। एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पूनम ने 9 स्वर्ण व 1 रजत पदक पर किया कब्जा। इनमें 100 मी., 200 मी., 400 मी.,1500 मीटर रेस, रिले रेस, लम्बी कूद, डिस्क थ्रो, जेवलिन थ्रो, शॉट पुट में पूनम बिजारणियां को स्वर्ण पदक मिला। वहीं टेबल टेनिस में रजत पदक मिला। रिले रेस में पूनम के साथ सविना, शैली व दीपाली को भी स्वर्ण पदक मिला। राकेश विश्नोई, पूना व दीपा चौधरी को ग्रुप डांस में रजत पदक मिला।

# झाड़सर बड़ा में आकाशीय बिजली गिरने से मकान हुआ पूर्णत्या क्षतीग्रस्त

- करंट की चपेट में आने से महिला हुई घायल, बकरी की मौत
- सासंद राहुल कस्वां, तहसीलदार, पटवारी व पुलिस पहुंची मौके पर घटना का लिया जायजा



घटना स्थिति का जायजा लेते राहुल कस्वां, तहसीलदार पटवारी आदि ।

**तारानगर** । तारानगर क्षेत्र के गांव झाड़सर बड़ा में शनिवार सुबह 7.30 बजे करीबन एक घर पर आकाशीय बिजली गिरने से पूरा घर क्षतीग्रस्त हो गया, एक बकरी की मौत हो गई एवं सुभाष धींधवाल की पत्नी कविता देवी भी बिजली गिरने के दौरान करंट की चपेट में आने से घायल हो गयी जिसको इलाज के लिए चूरू ले जाया गया जो चूरू में उपचाराधीन है। घर की पुरी फीटिंग जल गई। इसी दौरान आधा किलोमीटर तक 11 हजार केवी विद्युत लाईन भी जल गई। घटना के की सूचना मिलते ही चूरू लोकसभा सासंद राहुल कस्वां, तहसीलदार रतनलाल, पटवारी सहित पुलिस मोके पर पहुंचकर घटना स्थिति का जायजा लिया। सासंद कस्वां ने बताया कि मुझे अभी पता चला कि झाड़सर बड़ा में सुभाष के घर में आकाशीय बिजली गिरने की घटना घटी है, जिसको लेकर मैं आज इस क्षेत्र में दौरे पर था तथा रूट डायबर्ट कर यहां गांव में पहुंचा हूं तथा मैंने जिला कलेक्टर महोदय से भी इस संबन्ध में वार्ता की है तथा सरकार इस मामले में जितनी मदद कर सके, उसके लिए जिला कलेक्टर महोदय को कहा है तथा सरकार से जितनी मदद मिल सके पूरी मदद दिलवाने की कोशिश करेंगे। सांसद राहुल कस्वा ने कहा कि बहुत बड़ा घर बना हुआ है, जो पूर्णत्या क्षतीग्रस्त हो चूका है, जिसे दुबारा से बनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर महोदय ने वार्ता में पुरा पॉजिटिव रूख दिखाया है तथा सरकार की जितनी भी कोई स्कीम हो इस पीड़ित परिवार को ज्यादा से ज्यादा दिलवाने का काम करेंगे। इसी दौरान पीड़ित परिवार ने तारानगर थाने में भी रिपोर्ट दी है।

## दुष्कर्म मामले में 20 साल की सजा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला मुख्यालय पर दो विशेष न्यायालयों ने दो दोषियों को क्रमशः 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

एक मामला पोक्सो कोर्ट संख्या दो का और दूसरा मामला एनडीपीएस कोर्ट का है। दोषियों पर एक लाख 40 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। एनडीपीएस कोर्ट के एसपीपी विजेन्द्र घिंटाला ने बताया कि एनडीपीएस घटक की 4700 गोलियों की तस्करी का दोषी करार देते हुए 4 बी बड़ी निवासी बलविंद्र सिंह उर्फ पारस पुत्र हरबंस सिंह को 20 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है।

न्यायाधीश अजय कुमार भोजक ने दोषी पर एक लाख रूपए का अर्थदंड भी लगाया है। दोषी की ओर से जुर्माना अदालत में जमा नहीं करवाया गया तो उसे दो साल तक ज्यादा जेल भोगनी होगी। एसपीपी घिंटाला ने बताया कि दोषी करार दिए गए बलविंद्र सिंह को हिन्दुमलकोट एसएचओ रमेश सर्वटा ने 11 अगस्त 2017 को गश्त के दौरान पकड़ा था। दोषी करार दिया गया युवक घटना की शाम को पैदल ही जा रहा था। उसके पास 94 रैपर में नशे के काम ली जा रही प्रतिबंधित घटक की गोलियां बरामद की गई थीं। प्रत्येक रैपर में 50 गोलियों की पैकिंग थी। दोषी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज कर कोर्ट में चालान पेश किया गया।

## सार-समाचार

### पौषबड़ा प्रसादी का आयोजन

**उदयपुरवाटी** । कस्बे में स्थित बी आर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में शनिवार को पौषबडा प्रसादी का आयोजन किया गया भगवान के भोग लगाकर विद्यार्थियों को प्रसादी वितरित की गई विद्यालय के एमडी मुकेश कुमार सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पौषबडा प्रसादी का आयोजन कर कक्षा 9, 10 ,11 और 12 के विद्यार्थियों को पौषबडा प्रसादी वितरित की गई इस दौरान विद्यालय के एमडी मुकेश कुमार सैनी, सुरेश कुमार, उमेद सिंह, सुरेंद्र कुमार, महेश सैनी, राजपाल सैनी, विजयपाल मालावत ,हेमंत कुमार ,दीपक शर्मा, शेर सिंह, शिवचंद सैनी, विजेंद्र कनवा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा

### मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आज

**सीकर** । सीकर जिला मुख्यालय पर 12 जनवरी को प्रातः 11 बजे जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नवनियुक्त कार्मिकों से वर्चुअली संवाद एवं संबोधित करेंगे। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री नवनियुक्त कार्मिकों से संवाद करने के साथ संबोधित करेंगे। जिला कलेक्टर ने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले नवनियुक्त कार्मिकों का कार्यक्रम स्थल पर पंजीकरण करने के साथ ही उपस्थिति प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। इस दौरान नवनियुक्त कार्मिक को वेलकम किट भी प्रदान किया जाएगा।

### विधालय ने मनाया वार्षिक उत्सव

**रतनगढ़** । श्री रघुनाथ विद्यालय में नगर सेठ भरत जालान की अध्यक्षता तथा चूरु सांसद राहुल कस्वां के मुख्य आतिथ्य में विद्यालय के वार्षिकोत्सव समाहरो का आयोजन किया हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि विधायक पूसाराम गोदारा, पालिकाध्यक्षा श्रीमती अर्चना सारस्वत, प्रधान श्रीमती मोहिनी देवी थे।वार्षिक उत्सव का आरंभ गणेश वंदना से शुरु हुए कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विद्यार्थी द्वारा दी गई। प्रबंधन समिति द्वारा आगुंतक अतिथियों का शॉल,साफा एवं सालासर बालाजी की प्रतिमा भेंटकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर गत वर्ष बोर्ड परीक्षा में 90 से ऊपर अंक प्राप्त करने वाले 59 विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में उपविजेता रही दनिका कड़ेल का चांदी का सिक्का,प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया।

### सेवेटर पाकर स्कूल के बच्चों के खिले चेहरे

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** । राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 9 मे शनिवार को स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वेटर पाकर बच्चों को चेहरे खिल उठे। स्कूल के बच्चों को वितरण अरविंद प्रसाद सोडाणी फाउंडेशन यूएसए व देबी प्रसाद सोडाणी फाउंडेशन जयपुर के द्वारा स्थानीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 9 में 107 बच्चों को गर्म स्वेटर का वितरण किया गया । फाउंडेशन के प्रतिनिधि लालचंद शर्मा ने बताया कि फाउंडेशन के द्वारा शिक्षा, चिकित्सा, भोजन, गौ सेवा व पेयजल के लगभग 4 करोड़ रुपए के सेवा कार्य किये जा चुके हैं। इस विद्यालय में पूर्व में भी फाउंडेशन के द्वारा बालिका शौचालय तथा पेयजल के लिए टंकी का निर्माण भी करवाया गया था ।कार्यक्रम को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नंबर 12 फतेहपुर के प्रधानाध्यापक राजेश बिवाल, समाजसेवी नंदकिशोर वर्मा, सेवानिवृत्त बैंक प्रबंधक मुकेश गुप्ता एवं प्रधानाध्यापिका संतोष देवी ने संबोधित किया।अध्यापक एवं प्रेरक महेंद्र कुमार माली ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा अध्यापिका रश्मि गुप्ता, सरोज देवी, अनीता एवं शारीरिक शिक्षक विनोद कुमार ने फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया ।

### नौ उप निरीक्षक व 29 कांस्टेबलों के तबादल किए

**सीकर** । रेंज आईजी की ओर से रेंज के 9 सब इंस्पेक्टर का तबादला किया गया है। आईजी सत्येंद्रसिंह ने आदेश जारी कर पांच उप निरीक्षकों को सीकर, दो को झुंझुनूं और दो उप निरीक्षकों को चूरू जिले में लगाया गया है। सीकर रेंज आईजी सत्येंद्र सिंह ने आदेश जारी करते हुए सब इंस्पेक्टर पिंकी को सीकर से झुंझुनूं, रिछपालसिंह को चूरू से सीकर (नॉन फिल्ड), प्यारेलाल को चूरू से झुंझुनूं, वीरेंद्र यादव को चूरू से सीकर, सुभाषचंद्र को चूरू से सीकर, शंकरलाल को झुंझुनूं से चूरू, सत्यनारायण को झुंझुनूं से चूरू, सब इंस्पेक्टर कैलाशचंद को झुंझुनूं से सीकर, कंचन को झुंझुनूं से सीकर जिले में लगाया गया है। गौरतलब है कि उक्त पुलिस उप निरीक्षकों में से कई पूर्व में सीकर जिले में पदस्थापित रह चुके हैं। वहीं आईजी ने 29 कांस्टेबलों का भी रैंज में अलग-अलग जिलों में तबादला किया है। सीकर जिले में एएसआई, सब इंस्पेक्टरों के कई पद अभी भी खाली हैं। वही विभिन्न थाना क्षेत्रों में नफरी की कमी है।

### वर्षगांठ व स्वामी विवेकानंद जयंती

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** । बालिका आदर्श विद्या मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ एवं स्वामी विवेकानंद जयंती का उत्सव मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विधार्थियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व से जुड़े प्रेरक प्रसंग सुनाए साथ ही शिक्षकों ने भी स्वामी जी के जीवन संबंधित प्रेरणादायी प्रसंग प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य विद्याधर शर्मा द्वारा बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुष हमारे आदर्श हैं हमें उनके व्यक्तित्व को अपनाना चाहिए। साथ ही उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर सभी विधार्थियों को घर पर भी इस तरह उत्सव को मनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा कौमुदी शर्मा एवं देवांशी जोशी ने किया।

### नौकरी लगाने के नाम पर चार लाख की ठगी की

**सीकर** । बलारां इलाके में नौकरी लगवाने के नाम पर चार लाख की ठगी करने का मामला दर्ज हुआ है। सीकर के बलारां इलाके के रहने वाले सुधीश कुमार ने पुलिस में शिकायत देकर बताया कि उसका सीकर में एक डिफेंस एकेडमी में आना-जाना रहता था। इस कारण से उसकी मुलाकात बाबूलाल निवासी मांगलोदी कुचामन सिटी से जान पहचान हो गई। जिसने सुधीश को बताया कि उसकी जयपुर में डिफेंस एकेडमी है। और उसकी अधिकारियों से अच्छी जान पहचान होने के कारण नौकरी भी लगाता है।सुधीश बाबूलाल की बातों में आ गया और अपने छोटे भाई को नौकरी लगवाने के लिए कहा तो बाबूलाल ने आठ लाख रुपए मांगे। भाई को नौकरी लगने के लिए सुधीश ने बाबूलाल को सितंबर 2023 में तीन लाख रुपए और अगस्त 2024 में 1 लाख रुपए दे दिए। आरोपी बाबूलाल ने इसके बाद भी सुधीश कुमार के भाई को नौकरी नहीं लगवाई। सुधीश ने पैसे वापस मांगे तो पहले तो बाबूलाल आज-कल में रुपए लौटाने की बात करता रहा, लेकिन रुपए नहीं दिए। और अब लगातार गुमराह कर रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 39 वां स्थापना दिवस आज

**रतनगढ़** । समाजसेवी संस्था दी यंग्स वेलफेयर सोसायटी का 39 वां स्थापना दिवस आज रविवार 12 जनवरी को सोसायटी के लिंक रोड स्थित शांति देवी सोहनलाल भरतिया सामुदायिक भवन में आयोजित होगा। संस्थापक निदेशक रघुनंदन धरेंद्र व चंद्रप्रकाश कोका ने बताया कि इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन और योगदान पर व्याख्यान होगा तथा नगर के सभी जर्नलिस्ट को सोसायटी द्वारा सम्मानित किया जाएगा । सोसायटी के संरक्षक एवं सेठ भरत कुमार जालान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रो. कल्याण सिंह चारण मुख्य वक्ता होंगे।

### खाटूश्याम धाम में मेला शुरू

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। सुदामा नगर स्थित सिद्ध धाम श्रीखाटूश्याम श्याम धाम मंदिर में तीन दिवसीय श्रीश्याम पुत्रदा एकादशी मेला प्रारंभ हो गया। मंदिर में अल सुबह से ही श्याम श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। आता हूं दरबार हर ग्यारस पर, मिलती है तनख्वाह मुझे बारस पर... भजनों पर नाचते गाते श्रद्धालुओं ने हजारों ध्वजाएं बाबा श्याम को अर्पित कर खुशहाली की मन्नतें मांगी। मंदिर के सेवादार संदीप शेरेवाला ने बताया कि पुत्रदा एकादशी के उपलक्ष में बाबा श्याम का श्रृंगार रंग बिरंगे कोलकाता के फूलों से किया गया। पूरे मेले के दौरान हजारों ध्वजाएं मंदिर प्रांगण में श्रद्धालु अपने हाथों में लेकर पहुंचते हैं। मंदिर प्रांगण पहुंचने के बाद इन ध्वजा वाहकों का स्वागत व अभिनंदन श्याम श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के भोग बाबा को लगाकर आए हुए श्रद्धालुओं में वितरित किए गए। इस कड़ी में भजन संध्या प्रारंभ हुई। इस दौरान शहर के सभी प्रमुख भजन प्रवाहक पवन चलाना, संजय मित्तल, केके शर्मा, विक्की शर्मा, लविश चुग, विशाल सोडा, दीपांशु शर्मा व अन्य ने बाबा श्याम के भजन सुनाकर रिझाया। शनिवार बारस के दिन सुबह 8:15 बजे विनोबा बस्ती स्थित दुर्गा मंदिर मार्केट से अजय के संयोजन में राम रथ यात्रा व ध्वजा यात्रा प्रारंभ होगी।

# तेज हवाओं ने फिर बढ़ाई सर्दी , सुबह से ही बारिश का दौर शुरू

- मावठ से चने की फसल को होगा फायदा



राजलदेसर मेंसुबह से ही बारिश का दौर शुरू।

**राजलदेसर** । राजलदेसर में कड़ाके की सर्दी और शीत लहर ने लोगों को बेहाल कर दिया है। सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढ़ा दी है । लोगों का जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। पश्चिम में हुए विक्षोभ की वजह से मौसम का मिजाज बदल गया है सुबह से ही बारिश का दौर शुरू हुआ।

जो लगातार जारी रहा आसमान में बादल भी छा रहे हैं, गत 2 दिन से चल रही सर्द हवाओं से लोगों की कंपकंपी छूट रही है । सर्दी के चलते बाजारों में भी आवाजाही कम रही. सर्दी की वजह से शनिवार को भी लोग दिनभर घरों में दुबके रहे। कड़ाके की सर्दी की चलते जिला कलेक्टर ने कक्षा एक से आठ तक के बच्चों की स्कूल की छुट्टियां तक बढ़ा दी है । सर्दी की वजह से लोग घरों में कैद हो गए हैमावठ रबी की फसल सरसों, गेहूं व चने की फसल के लिए लाभदायक रहेगी।पिछले दिनों बारिश के बिना चने की फसल मुरझा गई थी।

मावठ से चने की फसल कोनया जीवनदान मिलेगा। दूसरी ओर सरसों की फसल में भी फूल व फलिया निकलने में भी फायदा होगा। गेहूं की फसल में बढ़वार होगी। मावठ तीन से चार दिन लगातार जारी रहेगी तो इस बार उत्पादन अच्छा होगा।

## जिला स्तरीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आज

- मुख्यमंत्री नवनियुक्त कार्मिकों से वर्चुअली करेंगे संवाद
- जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत का वापस प्रभारी मंत्री नियुक्त होने के बाद पहला दौरा

**झुंझुनूं,** (निसं) । मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम 12 जनवरी को प्रातः 11 बजे सूचना केंद्र सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा नवनियुक्त कार्मिकों से वर्चुअली संवाद करेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। हाल ही में उनकी प्रभारी मंत्री के तौर पर वापस नियुक्ति हुई है।

जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री की रोजगार और विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले नवनियुक्त कार्मिकों का कार्यक्रम स्थल पर पंजीकरण किया जाएगा और उन्हें वेलकम किट प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री नवनियुक्त कार्मिकों के साथ संवाद करेंगे और उनकी कार्य प्रेरणा को बढ़ाने के लिए विशेष संदेश देंगे।

## पुलिस तथा परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित

- बख्तावरपुरा में बांधे बेसहारा जानवरों को नेक रेडियम बेल्ट

**झुंझुनूं** , (निसं) ।राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला पर्यावरण सुधार समिति की ओर से यातायात पुलिस तथा परिवहन विभाग के सहयोग से लगातार बेसहारा गौवंश और कुत्तों के अलावा अन्य जानवरों को नेक रेडियम बेल्ट बांधने का कार्य जारी है। इसी क्रम में बख्तावरपुरा गांव में समिति पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, यातायात पुलिस तथा परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों के सहयोग से बेसहारा गौवंश और कुत्तों के नेक रेडियम बेल्ट बांधे गए। इस मौके पर सरपंच अनिल कटेवा का सराहनीय सहयोग रहा।

इस मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता राजेश अग्रवाल ने कहा कि झुंझुनूं से चिड़ावा व पिलानी जाने वाले रास्ते पर बख्तावरपुरा बस स्टैंड है। इसके आस-पास की मुख्य सड़क पर रात के समय बेसहारा जानवरों के कारण हादसों की संभावना बनी रहती है। इन संभावनाओं को दूर करने के लिए और रात के समय जानवर यदि सड़क पर आए तो वाहन चालकों को आसानी से पता चल सके। इसलिए इनके गले में रेडियम के बेल्ट बांधे गए है।

इस मौके पर परिवहन विभाग के इंस्पेक्टर रोहिताश्व, झुंझुनूं टीआई हरफूल मीणा, समिति के राजेश अग्रवाल, अभिषेक मुरारका, पूनम जांगिड़, दीपिका चाहर, अनूप सैनी, मदन सोनी, शाहिद, पीराम फाउंडेशन से गांधी फैलोशिप की छात्राएं, अदम्य पाराशर आदि मौजूद थे। इस मौके पर सरपंच अनिल कटेवा की मौजूदगी में ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। वहीं संकल्प दिलाया कि सभी ग्रामीण परिवहन नियमों का पालन करेंगे और करवाएंगे।

# मां शाकंभरी की चुनरी पदयात्रा 13 को जाएगी



उदयपुरवा में महिलाएं मां शाकंभरी की चुनरिया की सिलाई करते।

**उदयपुरवाटी** । शाकंभरी कुटुंब परिवार के तत्वाधान में उदयपुरवाटी से शाकंभरी सकराय धाम तक 13 जनवरी को विशाल पैदल चुनरी यात्रा निकाली जाएगी शाकंभरी कुटुंब परिवार के मूलचंद सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 12 जनवरी को जमात में स्थित गणपति मैरिज गार्डन में मंगल पाठ एवं कीर्तन का आयोजन किया जाएगा वार्ड नंबर 19 मोहल्ला तामिडा में माता की चुनरियों की सिलाई हो रही है 13 जनवरी को गणपति गार्डन से विशाल पैदल चुनरी यात्रा मुख्य मार्ग से होती हुई शाकंभरी सकराय धाम पहुंचेगी जहां माता के दरबार में चुनरिया अर्पित किया जाएगी पैदल चुनरी पदयात्रा में शेखावाटी के अलावा देश-विदेश के श्रद्धालु भी भाग लेते है।

मुख्य बाजारों में लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर चुनरी यात्रा का स्वागत किया जाएगा माता के दरबार में चुनरी अर्पित करने के तत्पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन होगा जिसमें श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण करेंगे मन्नालाल सैनी एवं लखन सैनी के आवास पर महिलाओं ने माता की चुनरी सिलाई करते समय भजन कीर्तन किए शाकंभरी माता की चुनरी की सिलाई करते समय बुलकेश देवी, सुनीता जमालपुरिया ,सरिता सैनी, मंजू ,गीता, संतोषी ,टीना सैनी, पलक, सुमन, पिंकी, एकता सैनी, पूजा सैनी सहित कई महिलाएं मौजूद रही।

## खेड़ीवाल लाइब्रेरी में चयन होने पर किया अभिनंदन

**चूरू** । अग्रसेन नगर स्थित खेड़ीवाल लाइब्रेरी में शनिवार को होनहार विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। सरंक्षक गजानंद खेड़ीवाल ने बताया कि अशोक गोस्वामी पुत्र मदन लाल गोस्वामी का माध्यमिक शिक्षा पंचकूला हरियाणा में ऑडिटर के पद पर व दूसरी छात्रा श्रुति रणवा पुत्री सतपाल रणवा ने श्रीगंगानगर में बीएमएस के पद पर चयन होने पर उन्हें माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर व मिठाई खिलाकर भव्य अभिनंदन किया गया। खेड़ीवाल ने बताया कि छात्र अशोक ने लाइब्रेरी में बड़े मनोयोग के साथ 10 से 12 घंटे तक अध्ययन कर सफलता अर्जित की है। इस दौरान नव चयनित अभ्यर्थियों ने लाइब्रेरी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये खेड़ीवाल ने विद्यार्थियों को भविष्य में उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर रहने के साथ ही बधाईयां दी।

## सात विद्यार्थियों को मिला टैबलेट

**सीकर** । राज्य सरकार विद्यार्थियों को प्रौद्योगिकी से जोड़ने के लिए टेबलेट वितरण योजना जो कक्षा 8 ,10 12 में राज्य स्तरीय मेरिट में आते है, उनके लिए चल रही है राज्य सरकार प्रतिवर्ष 3 वर्ष के इंटरनेट के साथ कक्षा 8 कक्षा 10 और कक्षा 12 में मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को टेबलेट वितरित करती है। इसी कड़ी में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उजीन सिंह का नाडा बेरी के 7 विद्यार्थियों को कक्षा आठ में राज्य स्तरीय मेरिट में स्थान मिलने पर टैबलेट मिला। प्रधानाध्यापक राज कमल जाखड़ ने विद्यार्थियों को माला पहनकर स्वागत किया और आगे भी इसी तरह मेहनत कर 10वीं और 12वीं में मेधावी प्रोत्साहन योजना का लाभ लेने का आहवाहन किया। उन्होंने बताया कि समय बहुत तेजी से बदलता है इसके लिए विद्यार्थियों को भी अपने ज्ञान को नवीनतम विधाओं के साथ अर्जित करना जरूरी होता है इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार इन टैबलेट में विद्यार्थी के पाठ्यक्रम के अनुसार सहायक सामग्री उपलब्ध करवाती है। इस अवसर पर कल्पना देवी, सुनीता देवी, बिंदु शेखावत, रेखा सैनी, सुनीता मीणा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बालिका शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध प्रयास दूरदर्शिता का परिचायक : दिलावर

- शिक्षा एंव पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर रहे दोरे पर
- घुमंतू परिवारों को निशुल्क पट्टा दिए जाने पर गाड़िया लोहार परिवारों की ओर से मंत्री दिलावर का स्वागत अभिनंदन किया



विधालय के 100 वर्ष पूरे होने पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए मंत्री दिलावर।

**रतनगढ़** । शिक्षा एंव पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर आज शनिवार को रतनगढ़ दौरे पर रहे। उन्होंने हनुमान बालिका स्कूल के सो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए स्कूल संचालन के लिए जालान परिवार की सराहना करते हुए कहा कि आज से सौ वर्ष पहले जब पुरुष भी बहुत कम पढ़ते थे।

बालिका शिक्षा के लिए इस तरह का संस्थान खड़ा करना और इस तरह के वातावरण निर्माण करना जालान परिवार की दूरदर्शी सोच का परिचायक है। उन्होंने जालान परिवार द्वारा शिक्षा, चिकित्सा, समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की। इस दोरान घुमंतू परिवारों को निशुल्क पट्टा दिए जाने पर गाड़िया लोहार परिवारों की ओर से मंत्री दिलावर का स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में रतनगढ़ नगर सेठ भरत बाबू जालान, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा व पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि मन्चस्थ थे।

इस दौरान मीडिया द्वारा शिक्षकों स्थानांतरण से रोक हटाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वो शिक्षा मंत्री जरूर है। लेकिन इसका फैसला मंत्रिमंडल करेगा। और पिछली अशोक गहलोत सरकार द्वारा क्षेत्र में खोली गई इंग्लिश मीडियम स्कूलों को भाजपा सरकार द्वारा उनको बन्द करने के कांग्रेस के आरोपो पर उन्होंने कहा की पिछली सरकार ने कोई इंग्लिश मीडियम स्कूल नही खोले सिर्फ स्कूलों के आगे इंग्लिश मीडियम का बोर्ड लगाया था। आरम्भ में मंत्री दिलावर के स्कूल पहुंचने पर स्कूल के आगे बरसाती पानी जमा होने से मंत्री को कार से स्कूल के गेट तक लकड़ी का फटा लगाकर मंत्री को स्कूल में प्रवेश कराया गया। दोपहर करीब एक बजे से प्रस्थान के समय मंत्री का काफिला अचानक सड़क छोड़कर गांव देराजसर में प्रवेश कर गया। ओर मंत्री दिलावर ने गांव की गलियों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नही होने पर बीडीओ को फटकार लगाते हुए गांव में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।